# प्रेस नोट

## थाना कोतवाली, जनपद झाँसी

**दिनांक – 15.07.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा डकैती के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना से संबंधित ₹23,450/- बरामद।**
- **प्रकरण में अब तक कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार, शेष वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास जारी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2026 धारा 310(2), 317(3), 61(2)ए बीएनएस से संबंधित डकैती की सनसनीखेज घटना में पूर्व में 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए 06 अभियुक्तों की गिरफ्तारी, तथा ₹24,50,000/- तथा घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार बरामद की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 15.07.2026 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभावी सुरागरसी एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अंकित यादव पुत्र सरमन यादव नि0 पुलिया नं0 09 महाराज सिंह नगर थाना प्रेमनगर जिला झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूट की घटना से संबंधित ₹23,450/- बरामद किए गए। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 12.07.2026 को वादी श्री किशन दिलीप भाई पांचाल पुत्र श्री दिलीप भाई बाबूलाल पांचाल, निवासी वटवा, अहमदाबाद (गुजरात), हाल निवासी गणेश विहार कॉलोनी, थाना सीपरी बाजार, झाँसी द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अपने एवं अपने साथी के साथ मारपीट कर ₹24,90,000/- की लूट किए जाने के संबंध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य माध्यमों से जांच करते हुए 24 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण कर 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा ₹24,50,000/- नकद एवं घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार बरामद की गई थी। विवेचना के क्रम में वांछित चल रहे अभियुक्त अंकित यादव पुत्र सरमन यादव नि0 पुलिया नं0 09 महाराज सिंह नगर थाना प्रेमनगर जिला झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष को दिनांक 15.07.2026 को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ₹23,450/- बरामद किए गए।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

अंकित यादव पुत्र सरमन यादव नि0 पुलिया नं0 09 महाराज सिंह नगर थाना प्रेमनगर जिला झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष

**विवेचना में प्रकाश में आए अन्य अभियुक्त-**

1. नितिन तेजवानी पुत्र विजय तेजवानी, निवासी लालता चौक, सतना (म0प्र0)।
2. संस्कार तेजवानी पुत्र विजय तेजवानी, निवासी लालता चौक, सतना (म0प्र0)।

**बरामदगी** -₹23,450/- नकद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

1. निरीक्षक श्री राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, झाँसी।
2. उ0नि0 श्री शतेन्द्र कुमार, थाना कोतवाली, झाँसी।
3. का0 824 धर्मेन्द्र द्विवेदी थाना कोतवाली,झाँसी।
4. का0 230 ऋषभ सागर थाना कोतवाली, झाँसी।
5. का0 1863 विकास कुमार थाना कोतवाली, झाँसी।
6. रि0का0 683 अभिषेक राजूपत थाना कोतवाली, झाँसी।
7. रि0का0 ओमवीर सिंह सोलंकी थाना कोतवाली, झाँसी।